<u>**प्रेस प्रकाशनी**</u>

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय के अ.शा. पत्र सं.2/2/S(DWS)/2016 दिनांक 23 जून, 2016 के संदर्भ में, संसदीय कार्य मंत्रालय में 16 से 31 मई, 2016 के दौरान स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया गया और निम्नलिखित गतिविधियां संचालित की गई:-

(क) अनावश्यक फाइलों और अभिलेखों को नष्ट करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया।

(ख) समस्त गैर जरूरी फर्नीचर और उपस्करों का निपटान किया गया।

(ग) मंत्रालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से साफ-सुथरे कपड़ों में कार्यालय आने के लिए कहा गया।

(घ) पार्किंग क्षेत्र, रास्तों इत्यादि सहित कार्यालय परिसर या भवन परिसर के आस-पास के क्षेत्र को साफ किया गया।

(ङ) शौचालयों और प्रसाधन कक्षों सहित मंत्रालय के कार्यालयों से लगे बरामदों की सफाई की गई तथा लोक सभा सचिवालय, जो संसद भवन की इमारत का अभिरक्षक है, से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया कि उन्हें साफ-सुथरा रखा जाए।

(च) मंत्रालय के कमरों की जो दिवारें खस्ताहाल थी उनकी अनुरोध करने पर के.लो.नि.वि. द्वारा पुताई की गई।